# 5 राजस्थान की प्रमुख बावड़ियाँ

1. राजस्थान में बावड़ियों का शहर किसे कहा जाता है?
(1) अलवर (2) जयपुर
(3) बूँदी (4) भरतपुर (3)

2. निम्न में से दूध बावड़ी कहाँ स्थित है?
(1) नाडोल (2) ओसियां
(3) रूणिचा (4) माऊंट आबू (4)

**व्याख्या–** यह बावड़ी माऊंट आबू में अधरदेवी मंदिर की तलहटी में स्थित है, इसका पानी दूध जैसा सफेद है।

3. उदय बावड़ी कहाँ स्थित है?
(1) डूँगरपुर (2) बाँसवाड़ा
(3) उदयपुर (4) चित्तौड़गढ़ (1)

4. निम्नलिखित युग्मों को सुमेलित कीजिए। नीचे दिए गए कूटों में से सही कूट का चयन कीजिए–

| जिले | बावड़ियाँ |
|---|---|
| (A) उदयपुर | (1) घोसुण्डा बावड़ी |
| (B) चित्तौड़गढ़ | (2) त्रिमुखी बावड़ी |
| (C) बूँदी | (3) शाही बावड़ी |
| (D) धौलपुर | (4) भावल देवी बावड़ी |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (2) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (3) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (4) | 2 | 4 | 1 | 3 |

(1)

5. लम्बी बावड़ी स्थित है–
(1) धौलपुर में (2) करौली में
(3) अलवर में (4) कोटा में (1)

6. निम्न में से खेतानों की बावड़ी किस जिले में स्थित है?
(1) बीकानेर (2) सीकर
(3) झुंझुनूं (4) चुरू (3)

7. राजस्थान में सर्वाधिक बावड़ियाँ किन जिलों में स्थित है?
(1) बूँदी व अलवर (2) जोधपुर व जालौर
(3) जयपुर व भरतपुर (4) जोधपुर व नागौर (2)

**व्याख्या–** राजस्थान में सर्वाधिक बावडियाँ जोधपुर व जालौर में लगभग 700–800 है।

8. निम्न में से कौनसा कथन सत्य है–
(1) झालरा बावड़ी सीकर में स्थित है।
(2) फूल बावड़ी छोटी खाटू (नागौर) में स्थित है।
(3) तापी बावड़ी नागौर में स्थित है।
(4) कथन 1 व 2 दोनों सत्य है। (4)

**व्याख्या–** तापी बावड़ी जोधपुर में स्थित है।

9. अनारकली की बावड़ी का निर्माण किसने करवाया–
(1) प्रिमल देवी (2) अनारकली
(3) भावल देवी (4) नाथावत (2)

**व्याख्या–** यह बावड़ी छत्रपुरा (बूँदी) में स्थित है, इसका निर्माण रानी नाथावत की दासी अनारकली ने करवाया था।

10. प्रसिद्ध रानी जी की बावड़ी किस जिले में स्थित है–
(1) दौसा में (2) बूँदी में
(3) अलवर में (4) टोंक में (2)

**व्याख्या–** इस बावड़ी का निर्माण राव राजा अनिरूद्ध सिंह की विधवा रानी नाथावत जी ने 1699 ई. में अपने पुत्र बुद्धसिंह के शासनकाल में करवाया था।

11. सेठानी का जोहड़ा कहाँ स्थित है–
(1) चुरू (2) सीकर
(3) बीकानेर (4) झुंझुनूं (1)

12. निम्न में से कौनसी बावड़ी जोधपुर में स्थित नहीं है–
(1) चाँद बावड़ी (2) एंजन बावड़ी
(3) कांतन बावड़ी (4) ख्वाजा बावड़ी (4)

**व्याख्या–** ख्वाजा की बावड़ी टोंक में स्थित है।

13. मेड़तणी की बावड़ी किस जगह पर स्थित है–
(1) जयपुर (2) झुंझुनूं
(3) चुरू (4) सीकर (2)

14. निम्न में से असत्य कथन का चयन कीजिए–
(1) पन्ना मीणा की बावड़ी–जयपुर
(2) चाँद बावड़ी–जोधपुर
(3) नागर सागर कुण्ड–बूँदी
(4) उदय बावड़ी–उदयपुर (4)

**व्याख्या–** उदय बावड़ी डूँगरपुर में स्थित है।

15. बड गाँव की बावड़ी कहाँ स्थित है?
(1) कोटा (2) झालावाड़
(3) बूँदी (4) बारां (1)

16. निम्न में सत्य है–
(1) नौलखा बावड़ी–डूँगरपुर (2) दूध बावड़ी–उदयपुर
(3) पर्चा बावड़ी–बाड़मेर (4) डाकणिया बावड़ी–अलवर
(1)

**व्याख्या–** दूध बावड़ी माऊंट आबू में है, पर्चा बावड़ी रूणेचा में है तथा डाकणिया बावड़ी लवाण (दौसा) में है।

17. निम्न में से जोधपुर जिले में स्थित नहीं है–
(1) तापी बावड़ी (2) उदय बावड़ी
(3) हरबोला की बावड़ी (4) सुगंदा की बावड़ी (2)

**व्याख्या–** उदय बावड़ी डुंगरपुर में स्थित है जिसका निर्माण महारावल उदयसिंह ने करवाया था।

18. बाई राज की बावड़ी किस स्थान पर स्थित है–
(1) बनेड़ा (भीलवाड़ा) (2) नाडोल (पाली)
(3) ओसियां (जोधपुर) (4) शाहपुरा (भीलवाड़ा) (1)

19. निम्न में से किस बावड़ी का निर्माण डूँगरपुर के महारावल उदयसिंह ने करवाया था–
(1) शाही बावड़ी (2) घोसुण्डा बावड़ी
(3) काका जी की बावड़ी (4) उदय बावड़ी (4)

20. निम्न में से कौनसी बावड़ी बूँदी में स्थित है–
(1) काका जी की बावड़ी (2) नागर सागर कुण्ड
(3) रानी जी की बावड़ी (4) उपर्युक्त सभी (4)

21. निम्न में से जोधपुर में कौनसी बावड़ी स्थित है?
(1) भिका जी की बावड़ी (2) झालरा बावड़ी
(3) हरबोला की बावड़ी (4) फूल बावड़ी (3)

व्याख्या– भिका जी की बावड़ी अजमेर में, झालरा की बावड़ी सीकर में, फूल की बावड़ी (छोटी खाटू) नागौर में स्थित है।

22. निम्न में से झुंझुनूं जिले में कौनसी बावड़ी स्थित नहीं है?
(1) खेतानों की बावड़ी (2) चेतनदास की बावड़ी
(3) मेड़तणी की बावड़ी (4) झालरा बावड़ी (4)

व्याख्या– झालरा बावड़ी सीकर में स्थित है।

23. उम्मेदसिंह ने 1858 ई. में अपनी गणिका के नाम से कौनसी बावड़ी का निर्माण करवाया?
(1) चमना बावड़ी (2) चाँद बावड़ी
(3) फूल बावड़ी (4) चौखी बावड़ी (1)

व्याख्या– यह बावड़ी शाहपुरा (भीलवाड़ा) में स्थित है।

24. निम्न में से भीलवाड़ा जिले में कौनसी बावड़ी स्थित नहीं है?
(1) चमना बावड़ी (2) चौखी बावड़ी
(3) तापी बावड़ी (4) बाई राज की बावड़ी (3)

व्याख्या– तापी बावड़ी जोधपुर में स्थित है।

25. रानी प्रिमल देवी द्वारा निर्मित बावड़ी है–
(1) रानी जी की बावड़ी (2) नौलखा बावड़ी
(3) घोसुण्डा बावड़ी (4) चाँद बावड़ी (2)

व्याख्या– नौलखा बावड़ी डूँगरपुर में स्थित है।

26. 29 दिसम्बर 2017 को जारी डाकटिकटों के अनुसार निम्न को सुमेलित कीजिए। नीचे दिए गए कूटों में से सही कूट का चयन कीजिए–

| p/h&I | सूची–II |
|---|---|
| (A) रानी जी की बावड़ी | (1) 5 रुपये का डाकटिकट |
| (B) नागर सागर कुण्ड | (2) 15 रुपये का डाकटिकट |
| (C) पन्ना मीणा की बावड़ी | (3) 5 रुपये का डाकटिकट |
| (D) नीमराणा की बावड़ी | (4) 5 रुपये का डाकटिकट |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (2) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (3) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (4) | 2 | 4 | 1 | 3 |

(2)

27. काकाजी की बावड़ी कहाँ स्थित हैं ?
(1) बूँदी (2) दौसा
(3) पाली (4) जयपुर (1)

28. 'तूर जी का झालरा' नामक बावड़ी किस जिले में स्थित है?
(1) नागौर (2) बीकानेर
(3) अजमेर (4) जोधपुर (4)

व्याख्या– इस बावड़ी का निर्माण महाराजा अभयसिंह की रानी तूर कंवर ने 1740 ई. में करवाया था। 29 दिसम्बर 2017 को इस बावड़ी पर 5 रुपए का डाकटिकट जारी किया गया है।

29. रेगिस्तान के जल महल के नाम से प्रसिद्ध 'बाटाडू का प्रसिद्ध कुआँ' किस स्थान पर स्थित है?
(1) तनोट (जैसलमेर) (2) बायतु (बाड़मेर)
(3) गजनेर (बीकानेर) (4) औसियाँ (जोधपुर) (2)

व्याख्या– रावल गुलाब सिंह द्वारा निर्मित्त संगमरमर का कलात्मक कुआँ है। यह रेगिस्तान का जलमहल कहलाता है।

30. चाँद बावड़ी स्थित है?
(1) बैराठ (जयपुर) में (2) नीमराना (अलवर) में
(3) आभानेरी (दौसा) में (4) टोडारायसिंह (टोंक) में (3)

व्याख्या– आभानेरी के संस्थापक प्रतिहार राजा चाँद द्वारा निर्मित्त यह बावड़ी आठवीं शताब्दी में निर्मित है। यहीं पर आठवीं शताब्दी का हर्षत् माता का मंदिर भी बना है। यह बावड़ी 19.5 मीटर गहरी तथा 3500 सीढियाँ बनी हैं।

31. निम्न में से असत्य कथन की पहचान कीजिए–
(1) दुध बावड़ी माउण्ट आबू में स्थित है।
(2) कांतन बावड़ी औसियाँ में स्थित है।
(3) एंजन बावड़ी जोधपुर में स्थित है।
(4) हाड़ी रानी की बावड़ी गागरोन में स्थित है। (4)

व्याख्या– हाड़ी रानी की बावड़ी टोड़ारायसिंह टोंक में स्थित है। यहीं पर 'पहेली' फिल्म की शूटिंग हुई थी।

32. राजस्थान की सबसे गहरी व कलात्मक बावड़ी कौनसी है?
(1) त्रिमुखी बावड़ी (2) चाँद बावड़ी
(3) नौलखा बावड़ी (4) घोसुण्डा बावड़ी (2)

व्याख्या– चाँद बावड़ी आभानेरी (दौसा) में स्थित है। इसका निर्माण प्रतिहार राजा चाँद द्वारा 8वीं शताब्दी में कराया गया था।

33. चाँद बावड़ी में कितनी सीढ़िया बनी हुई है?
(1) 2500 (2) 4500
(3) 4000 (4) 3500 (4)

34. सेठानी जी का जोहड़ा किस जिले में स्थित है?
(1) चुरू में (2) बीकानेर में
(3) झुंझुनूं में (4) नागौर में (1)

35. राजस्थान की कौनसी बावड़ी, बावड़ियों का सिरमौर कहलाती है?
(1) नौलखा बावड़ी (2) चाँद बावड़ी
(3) रानीजी की बावड़ी (4) घोसुण्डा बावड़ी (3)

व्याख्या– रानीजी की बावड़ी का निर्माण 1699 ई. में बुद्धसिंह के शासनकाल में राव राजा अनिरूद्ध की विधवा रानी लाडकँवर नाथावत जी ने करवाया था।

# तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती मुख्य परीक्षा– 2022 के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें–







**धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध हैं। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।**